तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

कोविड की रोकथाम एवं प्रबंधन पर की मॉकड्रिल 12



सराधूघमरे में तीन दिनी खेल स्पर्धा जारी 12





## खबर संक्षेप

### नदी में डूबन से युवक की मौत

**कांकेर।** तोड़ोकी थानांतर्गत ताड़ोकी नदी में डूबने से 25 देवाशीष नाग पिता घनश्याम नाग की 25 से 26 दिसंबर के बीच मौत हो गया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा देवाशीष नाग 25 दिसंबर की रात को खाना खाने के बाद 9 बजें के बाद घर से निकला था। गांव के यशवंत बघेल नदी की ओर हाथ पैर धोने के लिए 26 दिसंबर को गया, तब देखा कि एक व्यक्ति नदी में मृत अवस्था में पड़ा है। नदी के पास जाकर देखा तो वह देवाशीष नाग था, जिसका नदी में डूबने से मौत हो गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### निर्वाचन व्यय लेखा दाखिला बैठक कल

**कांकेर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के अभ्यर्थियों का व्यय लेखा प्रस्तुत किये जाने के लिए शुक्रवार 29 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक रखी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में परिणाम घोषणा के 30वें दिन के भीतर व्यय लेखा दाखिल किया जाना है, जिसमें अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनोक्त राशि (यदि कोई है) का लेखा समाधान करने का एक और अवसर दिया जाएगा। अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं से उक्त बैठक में लेखा दाखिल करने संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### विधायक सावित्री की आभार रैली 29 को

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के द्वारा 29 दिसंबर को दोपहर एक बजे भानुप्रतापपुर विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक सावित्री मंडावी के प्रथम आगमन पर आभार रैली निकलेगी। आभार रैली के उपरांत दुर्गा मंच में उपस्थितजनों को संबोधित करेंगी।

### 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत जिला बल बीजापुर, एसटीएफ एवं केरिपु 85 के द्वारा किये गये प्रयासो से गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पदेड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य गुडडू ताती पिता सोमलू ताती, पायकू हेमला पिता आयतु हेमला, मिलिशिया सेक्शन डिप्टी कमाण्डर सन्नू ताती पिता बुधराम ताती, जीआरडी सदस्य संतू पोटाम पिता स्व. कोवा पोटाम, मिरतुर एलओएस अन्तर्गत चेरली मिलिशिया कमाण्डर सोनारू कारम ऊर्फ रवि पिता बोडडा कारम ने 26 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय, कमांडेंट 85 केरिपु व्ही. तुसिंग, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ विजय पाण्डे, अति. पुलिस अधीक्षक बीजापुर नक्सल अभियान वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार के समक्ष माओवादियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

---

अपराध : पत्नी से परेशान होकर पति ने रस्सी से गला घोटकर की हत्या

# पटौद हत्या की गुत्थी सुलझी, पत्नी की हत्या, आरोपी पति जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पत्नी से परेशान होकर पति ने तलाक देने को सोचा, परंतु दबाव के चलते तलाक नहीं दे पाया, अंततः पत्नी की कार्यशैली से परेशान होकर पति ने पत्नी की गला को रस्सी से घोटकर हत्या कर दिया और ईमली पेड़ पर लटकाकर फांसी का रूप देने का प्रयाय किया।

- समाज में अनेक बार दिया आवेदन पर वहां समझाइश के अलावा कुछ नहीं मिला

जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर को ग्राम पटौद में 25 वर्षीया अनुपा कुंजाम पति मनीकांत कुजाम का शव फांसी के फंदे से सुनसान खेत में लटका हुआ मिलने की जानकारी मिलने पर कांकेर पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच किया। जाँच के दौरान मृतिका के शरीर में चोट के निशान होना पाया गया था। मृतिका के परिजनों ने मृतिका का विवाद उसके पति से होने की जानकारी दी थी तथा पति द्वारा ही मृतिका की हत्या कर पेड़ में लटका देने की आशंका व्यक्त की थी। मर्ग जांच पर थाना कांकेर में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

विवेचना के दौरान मृतिका के पति मनीकांत कुंजाम को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया, जिसने बताया कि वह शादी के बाद से ही मृतिका से पीछा छुड़ाना चाहता था, परंतु मृतिका अपने पति के साथ ही रहना चाहती थी। मृतिका ने इस संबंध में कई बार समाज में समझाईश के लिए आवेदन भी दिया था, सामाजिक पदाधिकारी द्वारा बैठककर समझाईश देने के बाद भी आरोपी फिर भी मृतिका को पत्नी के रूप में नहीं रखना चाहता था। मृतिका ने पुनः समाज में आवेदन दिया था जिस संबंध में सामाजिक पदाधिकारी द्वारा 24 दिसंबर 2023 को गांव में बैठक रखी गई थी।



### हत्या करने के बाद चला गया था नारायणपुर

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि आरोपी मनीकांत कुंजाम योजनाबद्ध तरीके से मृतका की हत्या करने की आशय से नारायणपुर से आकर सुनसान स्थल पर नदी के किनारे अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर मृतिका को अपने साथ ले गया और 24 दिसंबर की शाम लगभग 6 बजे खेत में पड़ी रस्सी से मृतिका की गला घोटकर हत्या कर उससे कुछ दूरी पर मृतिका के शव को सुनसान खेत में आत्महत्या का रूप देने के लिए पेड़ से लटका दिया था। घटना के दौरान पहने हुए स्वेटर एवं दस्ताने को जला दिया था तथा नारायणपुर चला गया था। आरोपी के निशानदेही पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया घटनास्थल में से मृतिका की टूटी हुई चूड़ियां एवं खून के निशान पाए गए, जिसे जप्त किया गया।



### हत्या को आत्महत्या बनाने की साजिश रची

आरोपी मनीकांत कुंजाम ने पत्नी की हत्या करने के उपरांत घटनास्थल से शव को कंधे में डालकर 300 मीटर दूर ले जाकर ईमली के पेड़ में लटकाकर फांसी का रूप दिया। आरोपी ने स्वीकार किया कि हत्या की योजना पहले से बना लिया था, उसी ढंग से घटना को अंजाम दिया।

### न्यायिक रिमांड पर

कोतवाली थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि आरोपी मनीकांत कुंजाम के खिलाफ धारा 302, 201 भादवि के तहत गिरफ्तार कर बताए गए स्थल से साक्ष्य को एकत्र किया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

---

# किसान की बाड़ी से एक लाख के चार सागौन लठ्ठे बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

वन परिक्षेत्र चारामा अंतर्गत ग्राम पंचायत बासनवाही में भूईगांव में किसान के घर की बाड़ी में सागौन के चार लठ्ठा को जप्त करने में वन विभाग की टीम को सफलता मिली। किसान के घर से 1.638 घन मीटर सागौन जप्त किया, जिसकी बाजार में कीमत लगभग एक लाख रूपए है।

वन विभाग चारामा की टीम को 27 दिसंबर को सुबह 8 बजे मुखबिर से जानकारी मिली कि भूईगाँव में अवैध सागौन किसान के घर में रखा है। मुखबिर से नाम मिलने पर वन विभाग का अमला एसडीओ से आरोपी दुष्चंत साहू पिता राजकुमार साहू के नाम सर्च वारंट लेकर ग्राम भूईगांव में बताए गए स्थल पर छापा मारा। वन विभाग को घर मालिक भूईगांव निवासी शारदा मरकाम ने बताया कि बाड़ी मेरी है, परंतु यह सागौन मेरा नहीं है। वन विभाग ने सर्च वारंट के व्यक्ति को पतासाजी किया गया तो वह खरथा निवासी दुष्चंत साहू पिता राजकुमार साहू था। वन विभाग टीम ने वहाँ पर पहुँचे दुष्यंत साहू से जानकारी चाही तो उसने स्वीकार करते हुए बताया कि मेरे खेत का समतलीकरण हुआ था और उसी समय पेड़ काटा गया था, वहीं लकड़ी है। जंगल से अवैध काटकर नहीं लाया गया है। मैने ही शारदा मरकाम के घर में इस लकड़ी को रखा था। वन विभाग की टीम ने किसान के द्वारा दी गई जानकारी की पुष्टि के लिए 28 दिसंबर को बताए गए स्थल पर पहुँचकर जाँच करने की बात कही है। वन विभाग टीम, पुलिस और ग्राम के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में घर के पीछे बाड़ी में पैरा में सागौन के चार लठ्ठा मिला, सभी की उपस्थिति में जप्तीनामा बनाकर नाप किया गया। आरोपी के पास से 1.638 घन मीटर सागौन जप्त किया गया।

### कार्रवाई करने वाली टीम में यह रहे शामिल

परिक्षेत्र अधिकारी अब्दुल रहमान खान, परिक्षेत्र सहायक जीवन लाल साहू, परिक्षेत्र सहायक हल्बा युगल किशोर सोनबोई, परिक्षेत्र सहायक पुरी मनीष नेताम, परिक्षेत्र सहायक लखनपुरी अजय नागवंशी, बीट गार्ड भगवान सिंह दुग्गा, उमेश्वरी सिन्हा, प्रदीप भालेश्वर, देवेंद्र साहू, तरुण मांडवी, प्रकाश यादव, पुनीता मरकाम ,ललिता दुग्गा एवं चारामा पुलिस का सहयोग रहा।

---

# बहू से की मारपीट, पति और जेठ के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारगांव में महिला के साथ उसके पति व जेठ ने घरेलू बात को लेकर मारपीट किया। मारपीट करने से महिला को गंभीर चोटे आई है। मारपीट की शिकार हुई महिला की शिकायत पर पुलिस ने जेठ व पति पर मारपीट का मामल दर्ज कर विवेचना में लिया है।



सिकसोड़ थाना में शिकायत करने पहुंची डोंगरीपारा चारगांव निवासी 25 वर्षीय उर्वशी कोमरा पति अनिल कोमरा ने पुलिस को बताया कि आरोपी पति अनिल कोमरा और उनके बड़े भाई भीमराज कोमरा चारगांव डोंगरीपारा निवासी द्वारा घरेलू बात को लेकर 24 दिसंबर की सुबह करीबन 6 बजें गाली गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ व लात से मारपीट किया। आरोपी जेठ भीमराज ने गाली गलौज किया हैं वहीं आरोपी पति के द्वारा मारपीट करने से दोनो हाथ, पीठ व पैर में चोंट आई है।

महिला ने पुलिस को बताया कि पति और जेठ ने मिलकर परेशान करने के दृष्टिकोण से यह कदम उठाया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरे साथ कोई भी अनहोनी होती है, इसकी जिम्मेदारी आरोपियों की ही होगी।परिवारिक बात को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि महिला को शिकायत लेकर थाना आना पड़ा वहीं पुलिस का कहना है कि महिला की शिकायत को सुनकर मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जेठ और पति के खिलाफ धारा 294, 323, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

---

# स्वागत रैली में भाजपा कार्यकर्ता की जेब कटी, छह हजार पार, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री के प्रथम कांकेर आगमन पर 24 दिसंबर को जगह-जगह स्वागत हुआ था, इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ता पाकेटमारी के शिकार हो गए। भाजपा कार्यकर्ता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कोतवाली में शिकायत करने पहुंचे ग्राम भीरावाही निवासी 50 वर्षीय उत्तम जैन पिता स्व. तुलसीराम जैन ने पुलिस को बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता है और 24 दिसंबर को लगभग दोपहर 3 बजें भारतीय जनता पार्टी नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री का प्रथम आगमन पर पुराना बस स्टैंड पर स्वागत कार्यक्रम में अन्य कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा था। मेरे पेंट की जेब में रखा पर्स गायब हो गया। पर्स की इधर उधर पतासाजी किया, परंतु पर्स नहीं मिला। पर्स में 6 हजार रूपएं नगदी के अलावा परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा टिन नम्बर संबंधी दस्तावेज रखे हुए थे। पुराना बस स्टैंड में स्वागत के दौरान किसी अज्ञात व्यकित द्वारा चोरी कर लिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि नगदी के साथ-साथ संपूर्ण दस्तावेज भी है, जो बहुत जरूरी है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




विदित हो कि यह इस तरह का पहला मौका नहीं है, इसके पहले भी कांग्रेस और भाजपा के वीवीआईपी के आगमन के दौरान कांकेर में इस तरह की कई घटनाएं विगत समय हो चुकी है। नेताओं के स्वागत के दौरान पाकेटमार घुस जाते है और भीड़ में पाकेटमारी करके नौ दो ग्यारह हो जाते है।

विगत समय ऐसी हुई कई घटनाओं पर किसी ने कोई अपराध दर्ज नहीं कराया है, यह पहला मौका है कि पाकेटमारी होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता ने अपराध दर्ज कराया है।

---

# सड़क हादसे में युवक की मौत बाइक चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत मचांदुर नाका के पास बाईक में आमने सामने भिड़त होने पर दो युवक बुरी तरह से घायल हुए थे। दोनो युवकों की ईलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल था, जिसका ईलाज जारी है। सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत होने पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

मर्ग प्रकरण में विवेचना में पाया गया कि मृतक महासमुंद जिला के टिकररापारा लाखागढ़ निवासी 20 वर्षीय चन्द्रकुमार सेन पिता विजय सेन अपने दोस्त सन्नी नायक के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीआर 2614 में सवार होकर चारामा की ओर घूमने के लिए आया था। घूमने के बाद वापस पिथौरा जिला महासमुंद जा रहे थे, तभी 20 दिसंबर को करीबन पौने 9 बजें मचांदूर नाका के आगे पीछे की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 0845 के चालक द्वारा मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से चन्द्रकुमार सेन का ईलाज के दौरान मौत हो गया। सन्नी नायक को गंभीर चोट आया है, जिसका ईलाज जारी है। आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 0845 के चालक द्वारा वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्डीडेंट करने से मौत होने पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर




### डूबने से दो साल के बच्चे की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 69 ठाकुर नगर के 2 वर्षीय प्रणव बछाड़ पिता प्रहलाद का पानी में डूबने से मौत हो गया। सिविल अस्पताल के वार्ड ब्वाय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक पानी में डूब बया था, इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

---

पौष माह का शुभारंभ इसमें छोटा पितृ पक्ष मनाने का है विधान

# पौष में सूर्य उपासना से होता है कुंडली दोषों का शमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पौष का महीना की शुरूआत 27 दिसंबर से शुरू हो चुका है, इसका समापन 25 जनवरी 2024 को होगा। यह हिंदी पंचांग का 10 वां महीना है, पौष मास धर्म-कर्म के नजरिए से बहुत खास है। मान्यता है कि पौष माह में स्नान करते समय सभी तीर्थों का और पवित्र नदियों का ध्यान करने पर घर पर ही तीर्थ स्नान करने का पुण्य मिलता है।

- पौष महीने में गंगाजल से स्नान करने पर मोक्ष प्राप्त होती है

सनातन धर्म में सभी महीनों का अपना-अपना एक विशेष महत्व है। इनमें से एक है हिंदू कैलेंडर का दसवां महीना पौष माह, जिसकी शुरुआत मार्गशीर्ष मास के बाद होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पौष माह में सूर्य देव की उपासना करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है और जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। पौष माह को छोटा पितृपक्ष भी कहा जाता है, इसलिए इस महीने में तर्पण, पिंडदान इत्यादि कर्म करने से विशेष लाभ मिलता है। इस महीने में की गई सूर्य पूजा सालभर दोगुना लाभ देती है, करियर में तरक्की और धन प्राप्ति के रास्ते खुलते हैं और अच्छी सेहत के साथ सफलता मिलती है।




### पौष माह इसलिए है महत्वपूर्ण

पुराणों में कहा गया है कि पौष महीने में गंगाजल से स्नान करने पर मोक्ष प्राप्त होता है. हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं. खासकर पौष पूर्णिमा, अमावस्या पर काशी, प्रयाग और हरिद्वार में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। यह महीना सूर्य को समर्पित है, इसलिए इस दौरान सूर्य पूजा से कुंडली के नौ ग्रहों से जुड़े दोष शांत हो जाते हैं। इस महीने में ठंड पूरे प्रभाव में होती है, ऐसे सूर्य की रोशनी में बैठने और पूजा-पाठ करने से सेहत अच्छी रहती है।

---

# चारामा पेंशन शिविर में हुआ सभी प्रकरणों को समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के विकासखण्डों में जिला कोषालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत चारामा के सभा कक्ष में पेंशन समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित शिविर में कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें प्राप्त आवेदनों में से 04 प्रकरणों में आयकर कटौती की सही गणना के पश्चात तत्काल भुगतान की कार्यवाही करने की जानकारी दी गई। 03 प्रकरण में पेंशनरों द्वारा बैंक से कम पेंशन राशि भुगतान संबंधी आवेदन पर परीक्षण उपरांत बैंक को सूचित करने का आश्वासन दिया गया। इसके अलावा 01 प्रकरण में सेवानिवृत्त पश्चात महंगाई राहत दर अनुरूप बकाया भुगतान हेतु प्रकरण बीईओ के माध्यम से संभागीय संयुक्त संचालन कोष, लेखा एवं पेंशन जगदलपुर ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

### कौशल प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग शिविर आज

**कांकेर।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय कर रोजगार से जोड़ने के लिए लघु अवधि के पाठ्यक्रमों में निःशुल्क रहवासी रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने काउंसलिंग कैंप 28 दिसंबर को विकासखण्ड कांकेर में ग्राम किरगोली में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा स्थल में लगाया जाएगा। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सहायक विद्युतकार, सिलाई, सिक्यूरिटी गार्ड, रिटेल, कम्प्यूटर, ब्यूटी, फैशन डिजाईनिंग एवं कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव कोर्स हेतु 01 से 03 माह की अवधि में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई बाइक, चालक की मौत

केशकाल। नेशनल हाईवे 30 केशकाल ढाबे के पास मंगलवार की रात रोड किनारे खड़ी ट्रक के पीछे बाइक टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार केशकाल डीहीपारा निवासी राजेंद्र राजपूत अपनी बाइक में सवार होकर बटराली से केशकाल की ओर जा रहा था, इसी दौरान केशकाल ढाबे के पास रोड किनारे खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 7181 के पीछे टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर केशकाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए केशकाल के चीरघर में रखा गया और घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। बुधवार को पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल लाभार्थियों से जुड़े प्रधानमंत्री मोदी



फरसगांव/कोण्डागांव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राहियों से बातचीत की और सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का प्रसारण के माध्यम से कोंडागांव विकासखण्ड के बफना, फरसगांव विकासखण्ड के पूर्वी बोरगांव और केशकाल विकासखण्ड के सिलाटी ग्राम पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में किया गया, जहां सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। इसके साथ ही जिला कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा भी जुड़े।

### दलगत राजनीतिक से उठकर मिल जुलकर क्षेत्र का विकास करना है



केशकाल। 26 दिसम्बर को केशकाल के मांझीचेर्रा में हल्बा समाज द्वारा आयोजित शक्ति दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बतौर सहभागी बने नवनिर्वाचित विधायक नीलकंठ टेकाम ने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव खत्म हो चुका है और परिणाम आ चुका है। अब पार्टी वाली बात को कुछ दिनों के लिए दरकिनार रख दिया जाना चाहिए। मैं सबका विधायक हूं आप लोग चाहे मुझे मेरी पार्टी को वोट दिये हो न हो आप में से कोई किसी भी पार्टी का हो अब दलगत राजनीतिक संकीर्णता से ऊपर उठकर हम सबको मिल जुलकर जनता की समस्या को निपटाना है यथा गांव का क्षेत्र का विकास करना कराना है। आयोजन में हल्बा समाज के पदाधिकारी सम्माननीय जन एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में थे वहीं जनपद अध्यक्ष महेंद्र नेताम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आकाश मेहता विशिष्ट अतिथि बतौर उपस्थित रहे। हल्बा समाज के रेंजर पद से सेवानिवृत्त रामसेवक वेदव्यास आर पी नाग सखाराम समरथ तथा शासकीय सेवारत अधिकारी कर्मचारी भी स्वस्फूर्त सहभागी बने।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुईं विधायक उसेण्डी



कोण्डागांव। कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम भागदेवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक लता उसेण्डी शामिल हुईं। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों के साथ विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से कहा कि भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य के साथ हर व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भागदेवा में यह यात्रा पहुंची है। यहां विभिन्न विभागों की प्रमुख सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि कोई व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों में पहुंचकर ग्रामीणों को अपनी आवश्यकता तथा पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव





विकास खंड माकड़ी के अंतर्गत सभी ग्रामो में स्थित अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दिप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही महात्मा गांधी की मूणत में माल्यार्पण कर एकता और अखंडता का शपथ भी लिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ 67 ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया है। जिससे छत्तीसगढ़ की जनता का विकास हुआ है और यहां के नागरिक प्रगति की ओर आगे बढ़ रहे है। इस कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र नाग, संजू ग्वाल, संजू पोयाम, प्रताप पोयाम, चंदन साहू, वरुण विश्वास, लक्ष्मी पोयाम, उपसरपंच चन्दरबती पोयाम, राम प्रसाद नेताम, वीरेंद्र प्रधान, ईश्वर नाग, रमेश यादव, चमन सेन, सीईओ जनपद पंचायत माकड़ी कर्मचारिगण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में मनाई अटल की जयंती

- बाल कवियों ने किया अटल बिहारी बाजपेयी की कविताओं का पाठ



पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में धूमधाम से मनाई गई। बच्चों में साहित्यिक अभिरुचि बढ़ाने, समाज सेवा, देश सेवा को सर्वोपरि मानने ऋहृदी के चार स्तम्भों में से एक वाचन कौशल में पारंगत बनाने के उद्देश्य से प्रार्थना सभा मे काव्य पाठ का आयोजन किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अटल बिहारी वाजपेई के कविता संग्रह मेरी 51 कविताएं से चुनिंदा कविताओं के सामूहिक पाठ में उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के मुख्य संस्मरण, साहित्य के प्रति उनकी अभिरुचि के बारे में बताया, राजनयिक के रूप में, प्रधानमंत्री मंत्री के रूप में योगदान एवं देश की सैन्य सुरक्षा के लिए उनके कार्यकाल में किए गए 1998 के पोखरण में द्वितीय परमाणु परीक्षण पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध में विजय, सयुंक्त राष्ट्र संघ में जिनेवा में दिए गए ऋहृदी में भाषण आदी ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षिका स्मिता नेताम स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## फरसगांव मंडल के सात प्रखंडों में भेजे गए अक्षत कलश

# अयोध्या से लाए गए अक्षत कलश की नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



अयोध्या में बनाए गए भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आए अक्षत कलशों के साथ फरसगांव नगर में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ नगर के हनुमान मंदिर में रखे अक्षत कलश की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया, जिसमें डीजे की धुन में सनातनियों के द्वारा आतिशबाजी के साथ उत्साह पूर्वक नाचते कूदते नगर भ्रमण किया गया। यात्रा पर निकले कलश का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। अयोध्या से आए 07 अक्षत कलशों को युवतियों ने सिर पर धारण करके चल रही थीं। अक्षत कलश के स्वागत में हिन्दू झूम उठे, लोगों ने डीजे की धुन पर श्रीराम के जयकारों पर नृत्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। इस कलश यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू हो कर नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर समापन किया गया। जिसके बाद अक्षत कलशों को क्षेत्र के सात प्रखंड फरसगांव, बोरगांव, लंजोड़ा, बड़ेडोंगर, पावडा, उरनदाबेडा, बंजोड़ा ये सभी मंडल के लिए वितरण किया गया।

**दीप जलाएं**

*कोण्डागांव विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष करण सिंह उइके ने बताया की फरसगांव मंडल के सात प्रखंडों के लिए सात अक्षत कलश लाये गए हैं, जिन्हें सभी मंडलो में भेजे गए हैं, हिंदू धर्म के सनातनियों से आग्रह है कि वे आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन को दीपावली की तरह खुशियों से अपने घरों में दीप जलाकर करें। यह अक्षत कलश यात्रा फरसगांव हनुमान मंदिर समिति, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल, भाजपा के कार्यकर्ताओं, नगर के सभी धार्मिक, समाजिक संगठनों सनातन समाज के द्वारा किया गया था।*

## पालिका कर्मियों के साथ विधायक लता उसेण्डी ने की मुक्तिधाम की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



सुशासन दिवस के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में बुधवार को नगरपालिका कोण्डागांव द्वारा मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें विधायक लता उसेण्डी ने शामिल होकर स्वच्छता कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर सफाई का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने नगरपालिका के कर्मचारियों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन करने के साथ उनकी समस्याओं को भी जाना। विधायक द्वारा मुक्तिधाम का निरीक्षण करते हुए यहां बाउण्ड्री वॉल, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, उद्यान सौदर्यीकरण आदि की आवश्यकता को देखते हुए नगरपालिका के अधिकारियों को जल्द से जल्द इसकी व्यवस्था हेतु कार्ययोजना तैयार करवाने हेतु निर्देश दिये। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, नेता प्रतिपक्ष प्रतीक सोनी, पार्षद लक्ष्मी ध्रुव, सोनामणी पोयाम, ललित देवांगन, तेज देवांगन, बबिता मरकाम सहित नगरपलिका के प्रभारी अधिकारी दिनेश डे, विजय मेहरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## वीर बाल दिवस पर साहेबजादों की वीरता का किया यशोगान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



अपने माता–पिता गुरु और धर्म के संस्कारों के प्रति अड़िगता के कारण बाल्यकाल में ही निर्ममतापूर्वक मार दिए गए, दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की स्मृति में वीर बाल दिवस का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह के जीवन वृत्तांत की चित्र प्रदर्शनी के साथ ही चित्रकला, रंगोली, निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विधायक लता उसेंडी ने कहा कि सिखों के अंतिम गुरु श्री गोविंद सिंह के पुत्रों ने अत्यंत कम उम्र में ही अकल्पनीय पीड़ा सही, किन्तु वे अपने सिद्धांतों के प्रति अडिग रहे और अपने माता–पिता के संस्कारों और धर्म को छोड़ने के बजाय मृत्यु को हंसते–हंसते अपना लिया। इतिहास की यह घटना बहुत ही क्रूरतम रही, किन्तु हम इस घटना में बलिदान हुए हमारे वीर बालकों से अपरिचित थे। उन्होंने अपना सर्वोच्च त्याग किया। हमारे इतिहास की घटना से हमें अपरिचित रखने का प्रयास किया गया, किन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन साहेबजादों के बलिदान की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी ऐसे वीरों के साहस की गाथा को जान सके। उन्होंने कहा कि चार साहेबजादों ने उस समय की चुनौतियों का वीरतापूर्वक सामना किया और वे इतिहास में अजर–अमर हो गए। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

**तख्ती, बैनर लेकर यीशु मसीह की शांति और प्रेम का दिया संदेश**

## उत्साह के साथ शहर में निकली क्रिसमस महारैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फैलोशिप द्वारा बुधवार की दोपहर क्रिसमस महारैली का आयोजन किया गया। रैली के मुख्य वक्ता रेव्ह. जीजी पी पॉल रहे, रैली की शुरूआत की प्रार्थना पास्टर रोतो नेताम द्वारा की गई। मंच का संचालन जितेंद्र फाउलर सिंह ने किया और साथ ही मसीह समाज के सभी चर्च के पास्टर मिशनरी और कलीसिया के लोग शामिल रहे। क्रिसमस रैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह रहा और शहर के विश्वासी लोग भी हाथों में तख्ती और बैनर लेकर नगर वासियों को यीशु मसीह के शांति और प्रेम का संदेश देते हुए आगे जा रहे थे। विभिन्न चर्चों के बच्चों के द्वारा मसीह गीत के साथ रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। साथ ही केरल प्रतियोगिता जो की 19 दिसंबर को हुआ था, उसका भी पुरस्कार वितरण समाज के उपाध्यक्ष शैलेंद्र शाह ने किया। रैली के दौरान अन्य अन्य समाजों के लोगों द्वारा पानी और बिस्किट का वितरण भी किया गया। इस दौरान इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फैलोशिप के अध्यक्ष जीजीपी पॉल और मनोज बाग द्वारा पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को रैली को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान दौरान रेव्ह. जान डेनियल, युसूफ सिंह, जितेंद्र फाउलर सिंह, मोजेश डुफरे, शैलेंद्र शाह, अयूब चरण, सुदेश जैकब, नीलांबर नाग, रोटो नेताम, मार्क नेताम, मधुसूदन, मनीष बघेल, सुरेश छतरी, मेहताब सिंह, प्रमोद, रोड्रिक सोमा, रितेश दान, इंटर डिनॉमिनेशन यूथ फैलोशिप के कमल नाग, प्रमोद के साथ-साथ ग्रामीण और शहरी कलीसिया के लोग भी शामिल रहे। अंत में डीएस बस्तर रविंद्र नाथ के आशीष वचन से सभा समाप्त की गई। मसीह समाज के प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा जानकारी दी।

## भगवान कृष्ण ने इंद्र का अभिमान तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिवस बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ गोवर्धन पूजा की प्रसंग सुनाया। कथा व्यास ने अपनी कथा के माध्यम से श्रोताओं को श्री कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया, जिसके अंतर्गत श्री कृष्ण के भगवान द्वारा अपने बाल शखाओं के साथ गायों को चराने गांव की गोपिकाओं के घरों में घुसकर दूध, दही एवं माखन खाने तथा माखन से भरी हुई मटकियों को फोड़ने सहित अन्य बाल लीलाओं की कथा सुनाई। कथा प्रसंग सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथा वाचक अंकुश महाराज ने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। श्री राधा रमण समिति द्वारा टाउन हॉल मैदान में आयोजित संगीतमय भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक अंकुश जी महाराज ने कृष्ण बाल लीला, गोर्वधन पूजा के प्रसंग सुनाए व श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर चित्रण भी किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण भगवान की अद्भुत लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। देवराज इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका घमंड दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ।

## मोहलई की ममता की निराशा में आशा बनाकर आई पीएम आवास योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



पिता और मां ऐसे पेड़ की तरह होते हैं, जिनके छांये में रहकर घर रूपी बगिया में परिवार के नन्हे मुन्हें फुल खिला करते है पर जब यह छाया सिर से उठ जाये तो घर टूट जाता है और बगिया भी विरान हो जाती है। ऐसे ही जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहलई में माता स्व. सुबोन पिता स्व. भाजन लाल का साया सिर से हट जाने के बाद ममता और उसकी दो बहनों करिश्मा और छाया के सामने वृहद जीवन की जटिल समस्याएं उठ खड़ी हुई। इस संबंध में ममता बताती है कि हम तीनों बहनें एक रूम वाले कच्चे मकान में रहते थे और बरसात के दिनों में घर के चारों तरफ पानी भर जाता था और छत के ऊपर से पानी भी टपकता था। जिससे बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। घर के कच्चा, जर्जर एवं दरवाजों के कमजोर होने के कारण हमें हमेशा असुरक्षित महसूस होता था। घर में कोई कमाने वाला न होने पर मैने पढ़ाई छोड़ दोनों बहनों के पालन पोषण हेतु मजदूरी का कार्य करना प्रारंभ किया। दोनों बहनों को शिक्षित करने के लिए मैने उन्हें सरकारी स्कूल में भेजना शुरू कर दिया था। पर आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण हम अपनी परिस्थियों को बदलने में सक्षम नहीं थे और ऐसे ही जर्जर घर में जीवन बिताने को मजबूर थे। ऐसे में हमारे गांव के ही पंचायत सरपच, सचिव एवं रोजगार सहायक के द्वारा योजना की जानकारी देते हुए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया। कुछ दिनों बाद उन्होंने बताया कि आपके नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2022–23 आवास स्वीकृत हुआ है, जिससे पूरा परिवार खुशी से झूम उठा। वर्ष 2022–23 में प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृति हुई और घर बनना शुरु हुआ। हमें शासन की ओर से 4 किश्तों में आवास निर्माण कार्य के लिए 1.30 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ और मनरेगा से मजदूरी राशि भी समय से पहले पहुंच जाया करती थी। आवास योजना के किश्तों की राशि मेरे खाते में पहुंचने लगी, जिससे मुझे आवास बनाने हेतु समय पर आवश्यक सामाग्री लेने में भी परेशानी नहीं होती थी। मैंने अपना आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया और आवास के साथ–साथ हमें उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, हर घर बिजली योजना से एकल बत्ती बिजली कनेक्शन के साथ स्वच्छ भारत मिशन के तहत दो टैंक वाला शौचालय भी मिला है। अब मैं और मेरी बहने चिंता मुक्त होकर खुशी से परिवार के साथ पक्के घर में खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं। हमें अब सुरक्षा के लिए भी चिंतित नहीं होना पड़ता है। करिश्मा ने तो अब अपनी 12वीं तक की पढ़ाई भी पूरी कर ली है और छाया अभी पढ़ाई कर रही है।

# स्वास्थ्य शिविर में कम रक्त के मरीज को पहुंचाया जिला अस्पताल

**अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वास्थ्य शिविरों से 21 हजार लोगों को मिला लाभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में विकसित भारत यात्रा के अंतर्गत जिले में लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 63 ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच चुकी है। इसके अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह के मार्गदर्शन में लगाये जा रहे स्वास्थ्य शिविरों से लोगों को लाभ प्राप्त हो रहा है। इन स्वास्थ्य शिविरों से अब तक 21 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें उपचार भी उपलब्ध कराया गया है। जिसमें 17 हजार लोगों की टीबी जांच, 6800 लोगों की सिकलसेल की जांच के साथ अन्य जांच भी की गयी है।

### सिरसी कलार में 750 को मिला लाभ



सिरसी कलार में लगाये गये शिविर में 750 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच सुविधा का लाभ लिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विभिन्न शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी देने के साथ उनका उपचार एवं परामर्श भी दिया जा रहा है। सिरसी कलार में स्वास्थ्य जांच हेतु आये 67 वर्षीय ग्रामीण सोमनाथ सोरी ने भी अपनी जांच करायी, जिसमें पाया गया कि उनके शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर 3 ग्राम तक पहुंच गया है। जिसे गंभीरता से लेते हुए चिकित्सकों द्वारा तुरंत उन्हें जिला अस्पताल भेजने की तैयारी की और एम्बुलेंस के माध्यम जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है।

### अब तक 21 हजार से ज्यादा को मिला फायदा

जिले अब तक 63 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें भारत को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प 35 हजार से अधिक ग्रामीणों द्वारा लिया गया है। इन शिविरों के माध्यम से 137 लोगों को सुरक्षा बीमा, 78 लोगों को जीवन ज्योति बीमा, 403 परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, 2200 लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के साथ अन्य योजनाओं से लाभ दिलाने के साथ विशिष्ट कलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 1716 स्थानीय ग्रामीणों को सम्मानित किया गया है। जिसमें 694 महिलाएं, 734 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्र–छात्राएं, 68 स्थानीय खिलाड़ियों एवं 220 स्थानीय कलाकारों को सम्मानित किया गया है। 57 ग्रामों में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों द्वारा उन्नत कृषि के साथ जैविक कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी देने के साथ फसलों का प्रदर्शन भी किया गया है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा कई स्थानों पर ब्रम्हास्त्र एवं अन्य जैविक खादों की निर्माण प्रक्रिया का प्रदर्शन करने के साथ ड्रोन का कृषि में प्रयोग कर उत्पादकता वृद्धि के संबंध में जानकारी दी गयी। 40 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत भू–अभिलेखों को डिजिटली उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है।

पेज 9 का शेष

### चारामा पेंशन शिविर...

को प्रेषित करने का सुझाव दिया गया है। इसके अतिरिक्त चारामा विकासखण्ड में कोई पेंशन प्रकरण लंबित नहीं पाया गया। शिविर में उपस्थित सभी कर्मचारियों को आगामी माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण तैयारी के लिए विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम राकेश गोलछा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मसीही समाज ने उत्साह से मनाया क्रिसमस



**बकावंड।** विकासखंड मुख्यालय बकावंड में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। नगर के मुंडापारा स्थित इमानुएल चर्च में क्रिसमस त्यौहार की धूम रही। प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। मसीह समाज के लोगों ने बाजे गाजे के साथ नगर में रैली निकाली। यह रैली इमानुएल चर्च से आरंभ हुई और पूरी बस्ती का भ्रमण करती हुई ब्लॉक कॉलोनी तक गई। रैली में शामिल मसीही समाज के लोग प्रभु यीशु मसीह के जन्म का संदेश और उनके उपदेश लोगों को सुनाते और उन्हें क्रिसमस की बधाई देते हुए चलते रहे।

### बलिदान को किया याद



**नकुलनार।** भाजपा मंडल कुआकोंडा में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। सिख गुरु गोविंद सिंह व उनके परिवार दोनों पुत्र जोरावर सिंह व फतेह सिंह के द्वारा देश की रक्षा के लिए दिये गये बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा वरिष्ठ नेता रामबाबू सिंह गौतम, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य मालती मुड़ामी, मंडल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम, मंडल महामंत्री हेमंत कश्यप, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री धुरुवाराम कुंजाम, एससी मोर्चा उपाध्यक्ष मंगल बघेल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री राघवेंद्र सिंह गौतम, जनपद सदस्य भीमा कवासी, राजीव चौहान, बलबीर कोर्राम, धन्नु कोर्राम, मंगू अंतरा, कुम्मा राम सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### वीर बालक दिवस का आयोजन



**भोड।** विकासखंड बस्तर के छात्र-छात्राओं को वीर बालक जोरावर सिंह, फतेह सिंह की देश के लिए व राष्ट्र के लिए जो बलिदान की मिसाल प्रस्तुत किया है बतलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने निबंध और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वीर जोरावर सिंह, फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है यह दो वीर बालको ने मुगलों के सामने इस्लाम कबूल करने से मना किया और अपना बलिदान देना स्वीकार किया परंतु मुगलों के आगे झुकना व इस्लाम कबूल करना स्वीकार नहीं किया आक्रोशित मुगल सम्राट ने दोनों वीर बालकों को दीवार पर चुनवा दिया इस तरह दोनों बालकों ने अपना कौम और राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। छात्र-छात्राओं ने दोनों वीर बालकों को श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती शालिनी सैमसंन उपाध्यक्ष नगर पंचायत बस्तर, नरेंद्र जोशी, डाइट प्राचार्य डॉ स्टेनली जॉन,बस्तर बीआरसी राजेन्द्र सिंह ठाकुर, सीएसी श्रीधर पांडे, शैलेन्द्र तिवारी, छात्र, छात्राएं और विकासखंड शिक्षा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### चित्रकला, भाषण, रंगोली व निबंध स्पर्धा का आयोजन



**गीदम।** गुरु गोविंद सिंह के वीर बलिदानी पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस की स्मृति में केंद्र सरकार के योजना अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय गीदम में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान भैया बहनों के मध्य चित्रकला, भाषण, रंगोली व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़- चढ़कर भाग लिया। सबसे पहले वीर सपूतों को दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## और फिर भर आई आंखे

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव अपने स्वयं के जन्मभूमि में पहुंचे तो हर कोई स्वागत को लेकर पलक पावडे बिछाये बैठा था। इस दौरान अपने बड़े भाई करण देव के निवास पर पहुंचे तो परिजनों ने फुल मालाओं के साथ स्वागत करते हुए आरती उतारी। इस दौरान बड़े भाई करण देव ने प्रदेश अध्यक्ष को माल्यार्पण करते हुए आंखों में आंसु आ गये। वही किरण देव की भाभी ने अपने देव को मिठाई खिलाकर आशर्रीवाद दिया।

### अपने लाडले के स्वागत में उमड़ा सुकमा नगर

# अंतिम गांव तक योजनाएं पहुंचेगी क्योंकि ये मोदी की गांरटी है : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को विकास से दूर रखा। भाजपा सरकार ने जो विकास कार्य किए उन्हे भी रोक दिया गया था। लेकिन अब फिर से तेज गति से विकास होगा और अंतिम गांव तक सरकार की योजनाऐं

- प्रदेश भाजपाध्यक्ष किरण देव ने मां रामारामीन मंदिर में की पूजा अर्चना

पहुंचेगी क्योंकि ये मोदी गांरटी है उक्त बाते नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कही।

प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सुकमा पहुंचे किरण देव का जिला मुख्यालय में जबरदस्त स्वागत किया गया।



इस दौरान सर्वप्रथम मां रामारामीन के मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। उसके बाद वे जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां जगह–जगह स्वागत हुआ। राजस्थानी समाज, क्षत्रिय समाज, आंन्ध्र समाज, माहरा समाज, मुस्लिम समाज, ईसाई समाज, साहू समाज के साथ और सभी समाज प्रमुखों ने जगह–जगह स्वागत किया। उसके बाद विभिन्न कर्मचारी संगठनों के सदस्यों ने भी किरण देव का स्वागत किया। किरण देव बस स्टैंड स्थित काली मंदिर पहुंचे जहां माता के दर्शन किए। वही बस स्टेण्ड़ पर भाजपा पार्टी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जहां किरण देव का कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरूण सिंह भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, नुपुर वैदिक, संजय शुक्ला, विश्वराज सिंह, कोरसा सन्नू, धर्मेन्द्र सिंह, पी. विजय, संजय सोढ़ी सहित सैकड़ो भाजपाई उपस्थित थे।

### भरोसे पर उतरूंगा खरा

प्रदेश भाजपाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि केन्द्रीय नेतृव ने मुझ पर जो भरोसा जताया और प्रदेश अध्यक्ष बनाया जिस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। भाजपा के जो कार्यक्रम है रीति नीति है उसे जन जन तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करूंगा। पूर्व के सभी प्रदेश अध्यक्षों ने अपने कर्त्तव्यों को बखुबी से निभाया। लिसे अब आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करूंगा। साथ ही प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीट पर 2024 में भाजपा जीत दर्ज करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आने वाले दिनों में प्रदेश की जनता को मिलेगा। डबल इंजन की सरकार है वो सभी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करना है।

## हो जाएं तैयार

अटल सदन में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ताओ की पुछपरख व चिंता करती है। आज बात चाहे मुख्यमंत्री की हो या विधायक की सबको बराबर मौका देने का कार्य इसी पार्टी में होता है। देव ने कहा कि हम सबको 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार हो जाना चाहिये। देव ने कहा विधानसभ में जो कुछ भी हुआ उसे भुल जाये और पूरी ताकत के साथ इस विधानसभा से भाजपा को लीड दिलाये।

### अब और तेजी से होंगे विकास कार्य

श्री देव ने कहा कि पिछले 5 वर्षो में जिस योजना के क्रियान्वयन पर कांग्रेस ने अघोषित तौर पर रोक लगा दिया था उसे पुनः नये सिरे से कार्य कराया जायेगा। भाजपा पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चलती है। हमारें बुथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर केन्द्रीय नेतृत्व तक सब मिलकर संगठन की रचना करते है। उन्होने कहा कि पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को विकास से दूर रखा। भाजपा सरकार ने जो विकास कार्य किए उन्हे भी रोक दिया गया था। लेकिन अब फिर से तेज गति से विकास होगा और अंतिम गांव तक सरकार की योजनाऐं पहुंचेगी क्योंकि ये मोदी गांरटी है।

# होगी कांग्रेस की विशाल रैली, हैं तैयार हम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर को नागपुर महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी विशाल रैली "हैं तैयार हम" का आयोजन करने जा रही है यह रैली 2024 लोकसभा चुनाव का आगाज है। राष्ट्रीय स्तर की इस रैली में देशभर के राष्ट्रीय नेतागण, पदाधिकारीगण और कार्यकर्तागण लाखो की संख्या में इस रैली में शामिल होंगे और छत्तीसगढ़ हर जिले से भी हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इस रैली में शामिल होंगे। नागपुर की यह रैली देश की राजनीति में परिवर्तन का संखनाद होगी। उन्होंने आगे कहा कि यह रैली देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्ता पर हमला के विरोध में आम आदमी की आवाज होगी।

विक्रम मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना के समय 1885 से ही आम जनता के लिये जनता की आवाज बन कर संघर्ष कर रही है। देश के आजादी की लड़ाई कांग्रेस पार्टी ने लड़ा देश की आजादी के बाद भारत कर नवनिर्माण में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रेस वार्ता में विक्रम मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनसमस्याओं को लेकर मुखर है हम जनता की आवाज बने रहेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बदलाव को लेकर है तैयार हम। इस दौरान ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, अलवा मदनैया, ज्योति कुमार, राजेश जैन , मनोज अवलम, संतोष गुप्ता, महेश बेलसरिया, सालिक नागवंशी, रामूर्ति यालम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रेसवार्ता में उपस्थित थे।

### दंतेवाड़ा से रैली में शामिल होंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

**दंतेवाड़ा।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 28 दिसम्बर को नागपुर मे बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। दोपहर दो बजे कांग्रेस द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली छत्तीसगढ़ के साथ ही देश भर के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, इस रैली में दंतेवाड़ा जिले के सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित होकर अपनी



भागीदारी निभाएंगे। राजीव भवन दंतेवाड़ा मे पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश गौतम ने उपरोक्त जानकारी देते हुए कहा कि नागपुर की यह रैली देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद होगी। यह रैली लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों ने केंद्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर हमला के विरोध में यह रैली आम आदमी की आवाज होगी। कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना के समय 1885 से ही जनता के लिये जनता जी आवाज बनकर संघर्ष करती रही है। देश की आजादी की लड़ाई कांग्रेस पार्टी ने लड़ा । देश की आजादी के बाद भारत के नवनिर्माण में भी कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जनसमस्याओं को लेकर हम मुखर है, हम जनता की आवाज बने रहेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बदलाव को लेकर हैं तैयार हम राष्ट्रीय स्तर की इस रैली में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता लाखों की संख्या में शामिल होंगे।

# मंत्री केदार कश्यप को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में मंत्री केदार कश्यप को जिला मुख्यालय स्थल पहुंचने पर आत्मीय स्वागत कर सर्किट हाउस स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, डीआईजी कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।

### मां दंतेश्वरी का किया दर्शन



प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप अपने एक दिवसीय प्रवास पर आज दंतेवाड़ा पहुंचे। मॉ दंतेश्वरी का दर्शन कर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी मौजूद थे।

# अटल जयंती पर सुशासन स्थापित करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

नगर के मुख्य अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 99वें जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें याद किया और नारें लगाए। कोंटा विकासखंड के अलग-अगल ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों, शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन पश्चात उपस्थित भाजपा नेताओं व जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित आम जनता द्वारा सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया गया ।

### कोण्टा धान उपज केंद्र के तहत 188 किसानों को मिला बोनस

कोण्टा बस स्टैंड परिसर में आयोजित धान बोनस वितरण कार्यक्रम में भाजपा नेताओं सहित किसानों का जमावड़ा रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति के तौर पर कोरसा सन्नू भाजपा जिला महामंत्री, विशिष्ट अतिथि कुसुमलता कवासी तथा सेमल नागमणी के अध्यक्षता में कार्यक्रम देर शाम तक चला। इस कार्यक्रम में वर्ष 2014- 15-16 के 188 कृषकों को लम्बित धान का बोनस वितरण किया गया और मोदी की गारंटी के तहत किसानों को स्क्रीन पर वीडियो क्लिप दिखाए गए। इस अवसर पर कोण्टा भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी विजय, वरिष्ठ भाजपा नेता गंगाचलम राजबाबू, पी गणेश मो.शम्मी दुलाल शाह सहित अनेक भाजपा कार्यकार्ता नेता एवमं तहसीलदार परमेश्वर लाल मंडावी सहकारी विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## सुशासन दिवस पर दरभा के किसानों को मिला धान बोनस



**दरभा।** सुशासन दिवस के अवसर पर दरभा मुख्यालय में धान बोनस राशि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 के धान बोनस राशि का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल रूप से जुड़े। इस कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2014-15 के 723 किसान के 89 लाख 77755 से अधिक और 2015-16 के 323 किसानों को 45 लाख 86691 से अधिक राशि का धान बोनस राशि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक चित्रकोट लच्छूराम कश्यप ने कहा की सरकार और प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनता के हित में योजनाओं का क्रियान्वनकर आम जन को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में किए विकासात्मक कार्यों और प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया साथी ही प्रदेश सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में अवगत कराते हुए प्रति क्विंटल 300 की दर से किसानों को धान बोनस राशि वितरण की जानकारी दी।

# भारतरत्न अटल जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

नगर पंचायत में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भोपालपटनम नगर पंचायत के द्वारा अटल चौक वार्ड क्रमांक 15 में सुशासन दिवस मनाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वर राव पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष कार्यक्रम के अध्यक्ष नपं के अध्यक्ष रिंकी कोरम एवं विशिष्ट अतिथि नीलम गणपत राव पूर्व मंडल अध्यक्ष, सीताराम तोडेम, सरपंच गोटाईगुड़ा, संतोष बोरे, उपाध्यक्ष नपं भोपालपटनम, प्रेस क्लब अध्यक्ष मुर्गेश शेट्टी को बनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत सम्मान नपं के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी एवं उनके स्टाफ के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों के द्वारा अटल बिहारी वाजपेई एवं छत्तीसगढ़ माताहारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि बी, वेंकटेश्वर राव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि, भारत के रत्न में से एक अमूल्य रत्न महान पुरुष हिंदी साहित्य के कवि छत्तीसगढ़ एवं तीनों राज्यों का जन्मदाता अटल बिहारी वाजपेई को नमन किया, उनके जयंती पर छत्तीसगढ़ में बने भारतीय जनता पार्टी के नई सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। यह पूरे सप्ताह पर नगर में स्वच्छता का कार्यक्रम किया जाएगा।

# युवा कांग्रेस ने फूंका सीएम का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में कांग्रेस भवन के सामने युवा कांग्रेसियों ने हसदेव बचाओ आंदोलन के समर्थन में मुख्यमंत्री साय का पुतला दहन किया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की नई सरकार आते ही भाजपाई अपने कारोबारी मित्रो को फायदा पहुँचाने में लग गयी है और राज्य की खनिज वन सम्पदाओं के दरवाजे अडानी के लिए खोल दिये है। छत्तीसगढ़ में अभी ठीक से भाजपा सरकार ने अपनी मंत्रिमण्डल का गठन तक नही किया है और हसदेव के जंगलों से कोयला खनन करने के लिए जंगलो की कटाई के फरमान जारी कर दिए और हज़ारो आदिवासियों को बेघर करने के फैसले पर मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री साय के पुतला दहन कार्यक्रम में पीसीसी महासचिव छविंद्र कर्मा ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों का दोहन करना ही भाजपा का असली चेहरा है, आदिवासी मुख्यमंत्री बनना भाजपा की एक चाल थी जिससे वें आदिवासियों को बेघर कर सके। कर्मा ने कहा कि अभी सरकार ने अपने मंत्रिमंडल विभागों तक का आबंटन तक नही किया है न ही वन मंत्री - खनिज मंत्री का अता पता है, पर खनिजो को लूटने के लिए शासकीय आदेश तक जारी करवा दिए गए जिससे मोदी के मित्र अडानी को फायदा पहुँचाया जा सके। वही जिला युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कहा कि भाजपा सिर्फ कारोबारियों की सरकार है और उन्हें जनता के हित अहित से कोई लेना देना नही है। जिलाध्यक्ष गणेश ने आगे कहा कि हसदेव के जंगलों एवं वहाँ पे निवासरत आदिवासियों एवं हमारी संपदा- संस्कृति को बचाने के लिए हम अंतिम सांस तक लड़ेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री विमल सलाम, अजय मरकाम, एनएसयुआई जिलाध्यक्ष राकेश मंडावी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लछुराम मंडावी, उमेश कश्यप, जिला महासचिव संदीप राठौर ,आकाश नियाल, सुनील गाइन, गौरव गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### 60 मिट्रिक टन धान का उठाव

**बारसूर।** दंतेवाड़ा जिले के सहकारी समितियों से आज की स्थिति में 360 मिट्रिक टन धान का उठाव राईस मिलर्स द्वारा किए जाने की जानकारी मिली है। अरनपुर नवीन धान खरीदी केन्द्र में आज लगभग 27 क्विंटल धान की आवक हुई। जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक सीएल यादव ने बताया कि 27 दिसम्बर की स्थिति में कुल 25590.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। वही 3600 क्विंटल धान का परिदान किया गया है। जिले के सभी उपार्जन केन्द्र में अब धान की आवक हो रही है। सबसे अधिक गीदम में 4432 और दूसरे नंबर पर बारसूर में 4032 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। सभी सहकारी समितियों के पास बारदाना से लेकर सभी आवश्यक इंतजाम है।

### सुरक्षा गार्ड में नौकरी देने के लिए पैसे की मांग

**जगदलपुर।** बालाजी सुरक्षा कम्पनी इन्दौर के अधिकारी, युनिट प्रभारी, सुपरवाइजरों द्वारा सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगाने के लिए नगद राशि की वसूली की। वसूल किए गए राशि वापस दिलाने तथा विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने गुहार पुलिस अधीक्षक से की। आवेदकों में से पृथ्वी मौर्य, अनिला नोचक, कुलदीप नौर्य, बबल कश्यप, बुधरु, यावत कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में बताया कि बस्तर संभाग के मुल निवासी तथा आदिवासी वर्ग सहित अन्य जाति वर्ग के बेरोजगार है। बालाजी सूरक्षा कम्पनी इन्दौर की ओर से मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल में 1 जून से 25 अक्टूबर तक सूरक्षा गार्ड का काम किया। कम्पनी इन्दौर के अधिकारी हर्षलाल द्विवेद्वी, उमाशंकर मिश्रा, युनिट प्रभारी सोनसाय मरकाम तथा सुपरवाइजर श्रीमती मीना तिवारी, राजेन्द्र नाग, बबीता साहू द्वारा सूरक्षा गार्ड का नौकरी देने के लिए नगदी रकम की मांग किए। बुदरू मौर्य 10000, कुलदीप मौर्य 10000 रूपए उमाशंकर मिश्रा ने, पृथ्वीराज मौर्य 4000, यशवंत कुमार कश्यप 10000, बबलु कश्यप 18000, निगराज दास 5000 रूपए सोनसाय मरकाम ने, गोंचू राम बघेल 5000, शामदेव नाग से 5000 रूपए राजेन्द्र नाग ने, अनिता गोयल 15000 रूपए बबीता साहू एवं मीना तिवारी ने सूरक्षा गार्ड का नौकरी लगाने के लिये नगदी राशि लिया है। जून से लेकर आज तक भी गुमराह एवं धोखाधड़ी किया जा रहा है।

### धान उत्पादन से सूरज ने घर-परिवार को बनाया आत्मनिर्भर

**जगदलपुर।** सुशासन दिवस के अवसर पर करीब 40 हजार रुपए बोनस राशि मिलने से प्रसन्न होकर जगदलपुर तहसील के मारकेल निवासी सूरज सेठिया ने सरकार के इस किसान हितैषी फैसले को सराहनीय निरूपित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद दिया। किसान सूरज सेठिया ने बताया कि वर्ष-2014-15 और 2015-16 में विक्रय किये गए धान की बोनस राशि मिलने के बारे में सपने में भी नहीं सोचा था लेकिन किसानों की चिंता करने वाली छत्तीसगढ़ सरकार के इस सार्थक पहल जरिए लाखों किसानों के परिवार खुशियां मना रहे हैं।



## निधन

### मोनिका राव

**कांकेर।** राजापारा निवासी मोनिका राव का 27 दिसंबर को रायपुर के प्राइवेट अस्पताल में हो गया। ये काफी लंबे समय से बीमार चल रही थी, जिनका ईलाज बेंगलुरु हॉस्पिटल में चल रहा था और 22 दिसंबर को अचानक तबियत खराब होने की वजह से रायपुर एम एम आई हॉस्पिटल में आईसीयू में भर्ती थी। यह यशवंत राव की बहू और आकाश राव (प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल) की पत्नी थी। इनका अंतिम संस्कार 28 दिसम्बर को सुबह11 बजे निवास स्थल राजापारा से मनकेसरी के लिए रवाना होगा।



# काटागांव और परसोदा के भारत संकल्प शिविर में योजनाओं की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा के काटागांव और परसोदा पंचायत में 26 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को एलईडी स्क्रीन से युक्त प्रचार वाहन के माध्यम से दिया गया।

केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने इस कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी खंड के अंतर्गत अपने अनुभव आमजनों के साथ साझा किया। काटागांव की प्रतिमा मंडावी ने अपने 9 माह के बच्चे लिशान मंडावी के विषय में जानकारी दी कि जन्म के बाद मात्र 2 माह की उम्र में बच्चे के सिर के आकार में हो रही असामान्य वृद्धि का इलाज केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत अभियान के अंतर्गत कराया गया। इससे उसकी आर्थिक परेशानियां दूर हुई और आज बच्चा स्वस्थ है। इसी प्रकार अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा व अन्य योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अपने विचार उक्त कार्यक्रम में ग्रामवासियों और उपस्थित जनप्रतिनिधियों के सामने रखे।



इन योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराने के लिए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा अपने काउंटर लगाया गया। उज्जवला उपाजन के अंतर्गत दोनो ग्रामों में 150 से ज्यादा हितग्राहियों का केवाईसी निराकरण किया गया और मौके पर ही 5 नए कनेक्शन जारी किए गए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 3 नए हितग्राही जोड़े गए। 5 नए हितग्राही का आधार कार्ड बनाया गया जबकि 20 हितग्राहियों के आधार अपडेशन की कार्यवाही की गई। इस कार्यक्रम के साथ ही राजस्व विभाग के द्वारा राजस्व शिविर भी लगाया गया, जिसमे तहसीलदार की उपस्थिति मे राजस्व निरीक्षक और पटवारी के द्वारा आवेदनों का निराकरण किया गया। 3 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र, 3 हितग्राहियों को मूल निवास प्रमाण पत्र, 3 हितग्राहियों को किसान किताब जारी की गई। एक परिवार के सदस्यों के बीच आपसी सहमति के आधार पर खाता बंटवारा की कार्यवाही की गई और 70 से ज्यादा कृषकों को निःशुल्क बीवन वितरित किया गया।

इस अवसर पर सीईओ घनश्याम कंवर, तहसीलदार उमाकांत जायसवाल, एसडीएम राकेश कुमार गोलछा, अतिरिक्त तहसीलदार हर्षलता वर्मा, जनपद पंचायत के अध्यक्ष अरूण मरकाम, प्रकाश जोतवानी मंडल अध्यक्ष, जनपद सदस्य विजय मंडावी, ढालसिंग सिन्हा, रवि सिन्हा, देव कोसरिया व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# कोविड की रोकथाम एवं प्रबंधन पर की मॉकड्रिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत के समस्त राज्यों में नए कोरोना वायरस (जेएन-1) के फैलाव होने के कारण आगामी नव वर्ष एवं त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में गत दिवस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 05-05 ऑक्सीजन बेड युक्त के साथ आईसोलेशन वार्ड भी स्थापित किए गए हैं

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं प्रबंधन के लिए शासन द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुसार सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मानव संसाधन, आईसोलेशन बेड, आक्सीजनयुक्त बेड, आईसीयू बेड, वेन्टीलेटर युक्त बेड की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता का आंकलन किया गया, इसके साथ ही वेन्टीलेटर प्रबंधन प्रोटोकाल का पालन, मेडिकल आक्सीजन का उपयोग एवं पीएसए संयत्रों के संचालन इत्यादि का आंकलन कर उन्हें सुदृढ़ किया गया। जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड जांच कीट, पीपीई कीट, मास्क एवं दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

वर्तमान में जिले में कोविड-19 मरीजों के उपचार के लिए कोविड अस्पताल ईमलीपारा में 36 बेड एवं 08 आईसीयू बेड की व्यवस्था कर अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 05-05 ऑक्सीजन बेड युक्त के साथ आईसोलेशन वार्ड भी स्थापित किए गए हैं।

# सराधूघमरे में तीन दिनी खेल स्पर्धा जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम सराधूघमरे में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसंबर से शुरू किया गया। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रूपोतिन अंचला, अध्यक्षता गोड़ समाज युवा प्रभाग उपाध्यक्ष प्रेम पुड़ो, विशेष अतिथि टिकेश्वर नरेटी, नंदकुमार गुरुवर, फूलसिंह दर्रो ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि तीन दिनों तक खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा, खिलाड़ी टीम भावना से खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाए एवं खेल प्रतियोगिता का खूब मनोरंजन करें।

### सक्षम ने किया निगम कार्यालय का घेराव

**जगदलपुर।** नगर निगम में डंपिंग यार्ड में चाहरदीवारी के निर्माण को लेकर कोई भी पहल नहीं किए जाने के विरोध में सक्षम कार्यकर्ताओं ने निगम दफ्तर का घेराव किया और जमकर हल्ला बोला। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने अंतिम अल्टीमेटम देते कहा कि 31 दिसम्बर तक बाउंड्रीवॉल निर्माण की शुरुआत नहीं होती है तो सक्षम खुद 1 जनवरी से चाहरदीवारी का निर्माण शुरू करेगा। सक्षम जिलाध्यक्ष भागीरथी प्रसाद मौर्य ने बताया कि पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन में निगम आयुक्त ने तत्काल बाउंड्रीवॉल निर्माण नहीं हो पाने के चलते यहां से पॉलिथीन हटवाने का आश्वासन दिया था। इसके बाद आज पर्यंत इस पर एक झिल्ली भी नहीं हटाई गई है, उल्टा शहर का कचरा डंप करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

# समूह की महिलाओं ने मांगी कचरा संग्रहण डीजल वाहन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल में घरों से कचरा इकट्ठा करने वाले शीतला स्व सहायता समूह के महिलाओं के पास कचरा इकट्ठा करने के लिए वाहन नहीं है, जिससे घर घर से कचरा संग्रहण कार्य 1 साल से ठप है। समूह की महिलाएं डीजल वाहन की मांग कर रहे हैं।

■ कचरा संग्रहण कार्य एक वर्ष से ठप

शीतला स्व सहायता समूह के महिलाओं को साईकिल रिक्शा, ई रिक्शा मिली है, लेकिन दुर्गुकोंदल से कचरा शेड तक कचरा को ले जाने में चढ़ाव के कारण मुसीबतों का सामना करना पड़ता है, इसलिए समूह की महिलाएं डीजल वाहन की मांग कर रहे हैं, जिससे कचरा इकट्ठा करके चढ़ाव में भी आसानी से कार्य कर सके। शीतला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष दुकाय दुग्गा, सचिव द्रोपती साहू, सदस्य गोदावरी ध्रुव, रंजना दुग्गा ने बताया कि हमारे पास ई रिक्शा और साईकिल रिक्शा है, लेकिन कचरा शेड जाने वाली मार्ग तक चढ़ाव अधिक है, इसलिए कचरा लोडिंग कर यहां तक जाने के लिए भारी कठिनाई होती है। विकासखंड मुख्यालय के कार्यालय पहुंचकर डीजल से चलित वाहन की मांग सहायता समूह के महिलाओं ने किया है। पूर्णिमा कोर्राम, शिवबती मंडावी, सुशीला कोर्राम ने बताया कि चुनाव के दौरान विधायक सावित्री मंडावी ने भी चुनाव जीताने पर वाहन देने की आश्वासन दिया है।

सरपंच पार्वती सोरी ने बताया कि समूह की महिलाएं कचरा उठाने के लिए वाहन की मांग कर रहे हैं, पंचायत से वाहन देना संभव नहीं है। समूह की महिलाओं को वाहन दिलाने की जिला प्रशासन से करेंगे, ताकि समूह की महिलाओं को जल्द वाहन मिले। इस अवसर पर रासो दुग्गा, सुमित्रा, आशना दुग्गा, रामबती दुग्गा आदि उपस्थित रहे।

# ब्यूटी पेजेंट में कसावाही की जागृति बनीं मिसेस प्लेटिनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

छत्तीसगढ़ एसएस फाउंडेशन द्वारा दिवा ऑफ छत्तीसगढ़ 2024 ब्यूटी पेजेंट का आयोजन रायपुर में किया गया, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड ऐक्ट्रस स्नेहा उल्लाल थी, जिन्होने सभी प्रतिभागीयो को प्रेरक भाषण दिए और सभी को आगे बढ़ने के लिए टिप्स भी दिए।

कार्यक्रम की आयोजम शिखा साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के महिलाओं में प्रतिभाओ की कमी नही है, सभी में कुछ न कुछ हुनर होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी प्रतिभाओ को सामने लाते है और उनकी प्रतिभा को ब्यूटी कॉन्टेट के माध्यम से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते है। आयोजित कार्यक्रम में दो राउंड थे, पहला छत्तीसगढ़ी गेट अप राउंड और दूसरा वेस्टर्न राउंड रहा।



पहले राउंड में सभी प्रतिभाओं ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा को पहनकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत किया, वही दूसरे राउंड में वेस्टर्न ड्रेस पहनकर अपना प्रदर्शन बहुत अच्छे तरीको से दिया। कार्यक्रम में मिसेस प्लेटिनम में चारामा ब्लाक के ग्राम कसावाही की जागृति गोटी दिवा 2024 बनी।

मिसेस गोल्ड में किरण, मिसेस क्लासिक में ममता, मिस टिन में प्रियेशा, किट्स में रिशा रही। फर्स्ट रनर अप इशिका, अनिशा, अंकिता, रशमि रही। सेकंड रनर अप रेया नंद, चंचल, रोश, नैनशि, श्वेता शर्मा रही। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में झिलमिल बेनजी, आंकाझा सिंह राजपूत, प्राची सोनी, दिपांशी घोष, स्वाति दास, सोनम श्रीवास्तव रहे।







